Nai Dunia (Indore), 25th May 2024, Nai Dunia City, Page - IV

# आइआइटी इंदौर ने किया नेक्स्ट-जेन यूएएस पर बूटकैंप 4.0

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर द्वारा नेक्स्ट-जेन यूएएस: कम्युनिकेशन, नेविगेशन और एप्लिकेशन में एआइ-एमएल की उपयोगिता पर छह दिनी बूटकैंप 4.0 का आयोजन किया। आयोजन इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाय) द्वारा प्रायोजित परियोजना स्वयान: मानव रहित विमान प्रणालियों में मानव संसाधन विकास के लिए क्षमता निर्माण का एक हिस्सा है, जो 15 से 21 मई तक आयोजित हुआ।

इस बूटकैंप को आइआइटी इंदौर की स्वयान टीम ने आयोजित किया। इस दौरान इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सहित विभिन्न विषयों के 10 से अधिक प्रोफेसरों ने विचार साझा किए। बूटकैंप का उद्देश्य ड्रोन तकनीक, आपरेशन, रेगुलेशन, कम्युनिकेशन प्रोटोकाल और नेविगेशन तकनीकों में प्रशिक्षण प्रदान करना था। कैंप में सेज यूनिवर्सिटी के कुल 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मानव रहित हवाई प्रणाणी (यूएएस) तकनीक में रुचि दिखाई। बूटकैंप के माध्यम से आर्थिक विकास और तकनीकी उन्नति की सहायता के साथ उद्योग की जरूरतों के अनुरूप लोगों को कौशल विकास की सुविधा प्रदान की गई। इस पहल के साथ शिक्षा जगत, उद्योग, सरकारी एजेंसियों और हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया गया, जिससे यूएएस विकास और उपयोग के लिए अनुकूल परिवेश बनेगा।



आइआइटी इंदौर द्वारा सेज यूनिवर्सिटी में बूटकैंप 4.0 का समापन हुआ।